58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रजौली के अधीन शीर्ष MMGSY(SC) योजनान्तर्गत Saraya(Dakshin Tola) Satiwazpur Saraye to Gandhi Nagar पथ निर्माण कार्य संवेदक Vatsh Krishna(Regd. No-4200131) At-SBI Building, Rajgir Road, Hisua, Pin-805103 को आवंटित किया गया।

एकरारनामा (एकरारनामा संख्या–34/SBD/MMGSY/2020-21) के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 05.09.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 04.06.2021 है।

संवेदक द्वारा उक्त पथ निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रजौली का सकारण आदेश ज्ञापांक 588 दिनांक 16.04.2025 द्वारा एकरारनामा विखंडित करते हुए मुख्य अभियंता–02(गया) का पत्रांक 1469 अनु0 दिनांक 08.08.2025 के माध्यम से संवेदक को कालीकृत किये जाने के निमित विहित प्रपत्र में अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है।

संवेदक के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने से पूर्व विभागीय पत्रांक 9039 दिनांक 21.08.2025 द्वारा संवेदक के निबंधित पता पर निबंधित डाक एवं ईमेल के माध्यम से कारणपृच्छा की गई। डाकिया द्वारा सूचित किया गया कि संवेदक द्वारा पत्र लेने से इन्कार किया गया है।

तदालोक में दिनांक 07.09.2025 को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। परंतु संवेदक द्वारा अबतक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में संवेदक Vatsh Krishna(Regd. No-4200131, PAN-FCOPK4550G) द्वारा कार्य प्रमंडल, रजौली के अधीन शीर्ष MMGSY(SC) योजनान्तर्गत Saraya(Dakshin Tola) Satiwazpur Saraye to Gandhi Nagar पथ निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने संबंधी आरोपों को प्रमाणित मानते हुए बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) की उपकंडिका (vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक को 03(तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(ह०) 06.10.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:–14 / अ0प्र0–14–243 / 2025 10597 / पटना, दिनांक:– 7.10.25

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ह०) 06.10.25
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–243/2025 10597 /पटना, दिनांकः– 7.10.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 06.10.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–243/2025 10597 /पटना, दिनांकः– 7.10.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 06.10.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–243/2025 10597 /पटना, दिनांकः–7.10.25

निबंधित

प्रतिलिपिः– Vats Krishna(Regd. No-4200131) At-SBI Building, Rajgir Road, Hisua, Pin-805103 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 06.10.25
अभियंता प्रमुख